# हरियाणा विधान सभा

## सातवां सत्र (अगस्त सत्र 2026)

## तारांकित प्रश्न
## 01 सितम्बर 2026

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### विशेष घटक उप-योजना का गठन करना

***41 श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक उप-योजना के गठन की घोषणा दिनांक 31 जनवरी, 2026 को जिला कुरुक्षेत्र के गांव उमरी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो विशेष घटक उप-योजना का गठन कब तक किए जाने की संभावना है?

----

### रिक्त भूमि का विकास करना

***42 श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या ब्रह्म सरोवर, कुरुक्षेत्र के निकट कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (KDB) से संबंधित रिक्त भूमि के विकास का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## माइनर, ड्रेन तथा रजबाहा में जलापूर्ति का ब्यौरा

*43 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा)ः**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले माइनरों, ड्रेनों तथा रजबाहों की कुल संख्या कितनी है तथा उनके नाम क्या हैं;

ख) वित्तीय वर्ष 2025-26 तथा 2026-27 के दौरान साफ किए गए माइनरों, ड्रेनों तथा रजबाहों के नाम क्या हैं तथा निष्पादन की विधि (अर्थात विभागीय या ठेकेदारों के माध्यम से) तथा प्रत्येक कार्य पर कितना खर्च हुआ है;

ग) वह शीर्ष/मुख्य नहर जिससे प्रत्येक माइनर, ड्रेन तथा रजबाहा में सिंचाई का पानी छोड़ा जाता है तथा वितीय वर्ष 2025-26 तथा 2026-27 के दौरान प्रत्येक में कितने पानी की आपूर्ति की है; तथा

घ) क्या किसी माइनर, ड्रेन या रजबाहे की सफाई नहीं की गई या उसमें पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं की गई है, यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं तथा इस संबंध में सरकार ने क्या भावी कार्य योजना बनाई है?

----

## कृषि खंड कार्यालय तथा बागवानी विकास कार्यालय भवन का निर्माण करना

*44 **श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी)ः**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि कृषि विभाग ने पुंडरी में प्रस्तावित कृषि खंड कार्यालय तथा बागवानी विकास कार्यालय भवन के निर्माण के लिए अपना निर्धारित वित्तीय हिस्सा जारी कर दिया है;

(ख) यदि हाँ, तो बागवानी विभाग द्वारा निर्धारित वितीय हिस्सा जारी न करने के कारण क्या हैं तथा इसे कब तक जारी किए जाने की संभावना है; तथा

(ग)उपरोक्त भवन का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## कन्या महाविद्यालय का निर्माण कार्य शुरू करना

*45 **श्री राम कुमार गौतम (सफीदों)ः**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि सरकार द्वारा गांव जामनी में राजकीय कन्या महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है तथा इसमें देरी के कारण क्या हैं?

----

## रिक्त भूमि को विकसित करना

*46 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि करनाल के सेक्टर-13 में मार्केट के साथ लगती रिक्त भूमि को स्वीकृत योजना के अनुसार विकसित नहीं किया गया है, जबकि यह सेक्टर 30 वर्षों से भी पहले विकसित हो चुका है; यदि हाँ, तो इसके कारण क्या हैं; तथा

(ख) क्या उपरोक्त भूमि को विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उक्त भूमि को विकसित करने में देरी के क्या कारण हैं?

----

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई. टी. आई) भवन ढांचे का नवीनीकरण करना

*47 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या गुड़ढा में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) झज्जर के भवन के बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) क्या उक्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत तथा हरियाणा कौशल विकास मिशन (एच.एस.डी.ऍम) जिला-स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्रशिक्षुता (अप्रेन्ट्सशीप) शाखा के संचालन होने के तथ्य को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पर एक बहुउद्देशीय भवन का निर्माण करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(घ) नए ट्रेड शुरू करने को देखते हुए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान साल्हावास में आवश्यक उपकरण तथा मशीनरी कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

----

## सीवरेज प्रणाली को बदलना

*48 **श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि हांसी में सीवरेज प्रणाली लगभग 50 वर्ष पहले ईंटों की चिनाई से बिछाई गई थी तथा कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है;

(ख) क्या उपरोक्त पुरानी सीवरेज प्रणाली को बदलने/पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## राजकीय बहु तकनीकी महाविद्यालय खोलना

*49 **श्री सतीश कुमार फागना (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद के गांव पाली में स्थित जूनियर बेसिक ट्रेनिंग (जे.बी.टी) महाविद्यालय का भवन लंबे समय से खाली पड़ा है तथा वर्तमान में उसमें कोई जूनियर बेसिक ट्रेनिंग (जे.बी.टी.) महाविद्यालय संचालित नहीं हो रहा है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या एन.आई.टी. फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कोई राजकीय बहु तकनीकी महाविद्यालय न होने को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त भवन में राजकीय बहु तकनीकी महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध अपराध कम करना

*50 **श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एन.सी.आर.बी) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 के दौरान हरियाणा में अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध 1,020 मामले दर्ज किए गए है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध अपराधों के संबंध में चिंताजनक स्थिति बनी हुई है;

(ग) क्या यह तथ्य है कि अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध अत्याचार के मामलों के संबंध में हरियाणा का देश में आठवां स्थान है; तथा

(घ) ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा कौन-सी नीति अपनाई गई है तथा राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध

कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं?

----

## अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू तथा पूरा करना

*51 **श्री देवेन्द्र हंस (गुहला):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि क्षेत्र में पर्याप्त तथा उचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध न होने के कारण सीवन के लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि सीवन में नागरिक अस्पताल को किराए के भवन में स्थानांतरित किए जाने के बावजूद सरकार द्वारा अब तक नए अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त अस्पताल के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके निर्माण कार्य को शुरू करने में देरी के कारण क्या हैं; तथा

(घ) इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## खरीद केंद्र का नवीनीकरण करना

*52 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कपृया बताएंगे कि: -

(क) क्या पेहोवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के नीमवाला गांव में खरीद केंद्र (पेहोवा अनाज मंडी) का नवीनीकरण/स्थिति को सुधारने तथा उक्त खरीद केंद्र में चारदीवारी, शेड बनाने तथा पीने के पानी की सुविधाएं देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) उपरोक्त खरीद केंद्र में इन विकास कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## विद्यालय भवनों की मरम्मत/पुनर्निर्माण करना

*53 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों के विषय-वार पद काफी समय से रिक्त पड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो शिक्षकों के स्वीकृत, कार्यरत तथा रिक्त पदों की विद्यालय-वार एवं विषय-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि तुम्बाहेड़ी, सुबाना, दावला, कासनी, दादनपुर तथा खुंगाई सहित विभिन्न राजकीय विद्यालय जीर्ण-शीर्ण भवनों में चल रहे हैं तथा उनमें प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है;

(घ) यदि हां, तो ऐसे भवनों का विद्यालय-वार ब्यौरा क्या है, जिनमें मरम्मत/पुनर्निर्माण की आवश्यकता है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ङ) उपरोक्त विद्यालयों में रिक्त पदों को कब तक भरे जाने, आवश्यक भवनों की मरम्मत/पुनर्निर्माण किए जाने तथा सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

----

## किसानों को वितरित मुआवजे की कुल राशि

***54 श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2025 के बरसाती मौसम के दौरान भारी वर्षा तथा हिसार-घग्गर ड्रेन के ओवरफ्लो होने के कारण आदमपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव दारोली, चुली खुर्द, चुली कलां, खारा बरवाला, खासा महाजन, नेओली खुर्द, सिसवाल, कोहली, सारंगपुर, खैरमपुर, ढाणी सिसवाल तथा भाणा इत्त्यादि की कृषि भूमि एवं आबादी जलमग्न हो गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त गांवों के किसानों को कुल कितनी मुआवजा राशि दी गई तथा फसल क्षति (खराब) का आकलन करने एवं किसानों को मुआवजा वितरित करने के लिए सरकार द्वारा कौन-सा फार्मूला या मानदंड अपनाया गया है?

----

## राजौंद को उप मंडल के रूप में घोषित करना

***55 श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि कैथल जिले में राजौंद नगर पालिका कैथल के जिला मुख्यालय से लगभग 28 किलोमीटर स्थित है जिसके कारण आम जनता को विभिन्न प्रशासनिक

कार्यों के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ती है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि राजौंद में बिजली, लोक निर्माण ,जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई, उप तहसील,नगर पालिका, मार्केट कमेटी ,उप कोषागार, शिक्षा ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय, कृषि तथा बागवानी, महिला एवं बाल विकास तथा श्रम/ सहकारी संस्थान सहित विभिन्न उपमंडल स्तर के कार्यालय/संस्थान पहले से ही कार्यरत है; तथा

(ग) क्या राजौंद उपमंडल के रूप में घोषित किए जाने की सभी शर्तें पूरी करता है; यदि हां ,तो क्या राजौंद को एक नए उपमंडल (नागरिक) के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा राजौंद को उपमंडल कब तक घोषित किए जाने की संभावना है?

----

## डी- फार्मेसी पाठ्यक्रम शुरू करना

***56 श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या फतेहाबाद जिले के गांव ढांगर के बहुतकनीकी महाविद्यालय में डी फार्मेसी पाठ्यक्रम शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## खंड (ब्लॉक) समिति निधियों का ब्यौरा

***57 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) वर्ष 2022 से अब तक की अवधि के दौरान खंड (ब्लॉक) पंचायत समिति, नगीना की निधियों से निजी भूमि पर कथित रूप से निर्मित 504 जल टैंकों के संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि 23.10.2024 को हुई खंड (ब्लॉक) पंचायत समिति, नगीना की बैठक में प्रासंगिक नियमों के अंतर्गत निर्धारित कोरम के बिना लगभग 2.19 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया था; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि 04.03.2024 को हुई खंड (ब्लॉक) पंचायत समिति, नगीना

की बैठक में गांव गोहाना, गंडूरी, हसनपुर नूंह, मूलथान इत्यादि में कब्रिस्तानों की चारदीवारी के निर्माण के लिए 48 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी; यदि हां, तो वहां पर कोई निर्माण कार्य नहीं किए जाने के कारण क्या हैं तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

----

## नहर के पुनर्निर्माण/मरम्मत कार्य को पूरा करना

*58 **श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि इंद्री विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में ऑगमेंटेशन नहर की मरम्मत का कार्य काफी समय से बंद पड़ा है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त नहर पर निर्मित पुलों के लिए उचित संपर्क मार्ग उपलब्ध नहीं करवाया गया है तथा रैंप भी उचित रूप से निर्मित नहीं किए गए हैं, जिससे आने जाने वालों को असुविधा हो रही है; तथा

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त पुनर्निर्माण/मरम्मत कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## भू-जल स्तर को सुधारने के लिए पग उठाना

*59 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी कृपया बताने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में भू-जल स्तर के निरन्तर गिरने के कारण कृषि भूमि बंजर होने की कगार पर है;

(ख) यदि हाँ, तो राज्य में भू-जल स्तर में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं;

(ग) क्या यमुनानगर, अम्बाला एवं कुरुक्षेत्र जिलों में भू-जल स्तर में सुधार करने के लिए किसी परियोजना को फिर से शुरू या लागू किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त परियोजना के कब तक लागू किए जाने की संभावना है; तथा

(घ) राज्य में वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 के दौरान बंजर भूमि के सुधार के लिए सरकार द्वारा किए गए बजट अनुमान तथा वास्तविक खर्च का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

----

## बाईपास के संरेखण को स्थानांतरित करना

***60 श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित जीरकपुर-पंचकूला बाईपास जो कि सेक्टर-3 पंचकूला गोल्फ कोर्स के एक भाग से होकर गुजरना प्रस्तावित है, के लिए लगभग 1000 पेड़ों को काटने की आवश्यकता है तथा गोल्फ कोर्स का क्षेत्रफल कम हो जाएगा;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त बाईपास के संरेखण को गोल्फ कोर्स से लगभग 30 मीटर की दूरी पर स्थानांतरित करने से लगभग 1000 पेड़ों को बचाया जा सकता है ; तथा

(ग) यदि हां, तो क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को संरेखण में इसी अनुसार बदलाव की सिफारिश करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----